कार्यक्रम | एक पेड़ माँ के नाम अभियान से पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश

# प्रभारी मंत्री ने किया पौधरोपण

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान से समाज में पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का अनूठा संदेश प्रसारित हो रहा है। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माँ के नाम अवश्य एक पेड़ रोपे।

प्रभारी मंत्री श्री अहिरवार ने शुक्रवार को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिलाओं के मान.सम्मान को बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत हैं। हाल ही में 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वस्थ नारी दृ सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गयाए जो देश और प्रदेश के लिए ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने माताओं एवं बहनों से आग्रह किया कि वे स्वास्थ्य शिविरों में जाकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री




नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। आज विश्व यह मान चुका है कि मोदी है तो मुमकिन है।

## एक पौधा अवश्य लगाए

प्रभारी मंत्री श्री अहिरवार ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है बल्कि माँ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी माध्यम है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष मिथलेश सिंहए पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह मरकामए अनुविभागीय अधिकारी वसीम अहमद भट्टए एसडीओपी नवीन तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिए अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## सायबर अपराधियों के विरुद्ध अनूपपुर सायबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**अनूपपुर, नवभारत।** अनूपपुर जिले में सायबर अपराधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत सायबर सेल द्वारा तकनीकी विश्लेषण और सतत निगरानी कर ऐसे मोबाइल नंबर और फोन चिन्हित किए गए, जिनका उपयोग साइबर अपराधों में किया जा रहा था। इस कार्यवाही में 3500 मोबाइल फोन और 500 सिमकार्ड को संबंधित सेवा प्रदाता कंपनियों के माध्यम से बंद कराया गया। ये उपकरण हैकिंग, फिशिंग, मैलवेयर अटैक, रैनसमवेयरए साइबर ठगी, आईडेंटिटी थेफ्ट, क्रेडिट/डेबिट कार्ड फ्रॉड, साइबर बुलिंग, ईमेल स्पूफिंगए ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड और लॉटरी फ्रॉड जैसी आपराधिक गतिविधियों में प्रयुक्त हो रहे थे। सायबर सेल की इस कार्वाई से न केवल जिले बल्कि पूरे देश में हो रहे सायबर अपराधों पर अंकुश लगेगा। इससे अपराधियों का मनोबल टूटेगा और आमजन को सुरक्षित डिजिटल वातावरण का लाभ मिलेगा।

# गोंडवाना समाज को एकजुट होना जरुरी : सिंह



**कोतमा में मनाया गया शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह बलिदान दिवस**

**अनूपपुर, नवभारत।** कोतमा विधानसभा क्षेत्र में महाराजा शिरोमणि शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह मरावी के 168वें बलिदान दिवस पर रैली और सभा का आयोजन किया गया। यह रैली ग्राम पंचायत पथरोड़ी से प्रारंभ होकर बसखली, मौहरी होते हुए मनमारी पहुंची, जहां रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद रैली गोहांड्रा चौराहे पहुंची और बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर समापन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोतमा जनपद सदस्य एवं अध्यक्ष जीवन सिंह ने कहा कि 1857 की क्रांति को पहली संगठित लड़ाई माना जाता है, लेकिन गोंडवाना साम्राज्य के शासक राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह जैसे वीर नायकों ने भी अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध विद्रोह किया। उन्होंने अपनी कविताओं और गीतों के माध्यम से जनमानस में स्वतंत्रता की चेतना जगाई और बलिदान देकर इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। जीवन सिंह ने गोंडवाना समाज से आह्वान किया कि वह एकजुट होकर अपनी सांस्कृतिक धरोहर और इतिहास को संरक्षित करने में सक्रिय भूमिका निभाए।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर गोहांड्रा सरपंच सूरज सिंह, जनपद सदस्य देवनाथ सिंह, पूर्व पार्षद देवशरण सिंह, सरपंच बीरन सिंह, सरपंच देववती सिंह, सरपंच नोहर सिंह, सरपंच संतोष सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी ज्ञान सिंह, श्याम सिंह सहित बड़ी संख्या में गोंडवाना समाज के लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### तुलसी महाविद्यालय में जैविक खेती पर कार्यशाला

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के पीएम कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जैविक खेती पर एकदिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सक्सेना के संरक्षत्व एवं मार्गदर्शन में महाविद्यालय के सेमीनार हॉल में हुआ। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में चन्दन कुमार यादव उपस्थित रहे, जो लंबे समय से जैविक खेती और प्रशिक्षण कार्यों से जुड़े हैं। रसायन विभागाध्यक्ष प्रो. ऋषिकेश चंद्रवंशी ने छात्र.छात्राओं को जैविक खेती की महत्ता और इसके लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक प्रो. विनोद कुमार कोल ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉण् तरन्नूम सरवत द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर डॉण् ज्ञान प्रकाश पांडेयए प्रो. शाहबाज खान और प्रो. पूनम धांडे ने कार्यशाला की सफलता में विशेष सहयोग प्रदान किया। छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता से यह कार्यशाला अत्यंत उपयोगी और सार्थक सिद्ध हुई।




### एसईसीएल क्षेत्रीय चिकित्सालय कोतमा कॉलरी में रक्तदान शिविर आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत।** एसईसीएल क्षेत्रीय चिकित्सालय कोतमा कॉलरी में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जमुना.कोतमा क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक अभिराम त्रिपाठी एवं क्षेत्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.देवेंद्र टुडू ने भगवान श्री गणेश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.आरपी यादव, डॉ. निपुन, मुख्य फार्मासिस्ट गौतम कुमार मित्रा, मैट्रन जॉली जोसफए मरीना बाबू सहित जिला चिकित्सालय अनूपपुर के ब्लड बैंक की टीम एवं चिकित्सालय स्टाफने सहयोग प्रदान किया। रक्तदान शिविर सुबह 11 बजे आरंभ हुआ और शाम 5 बजे तक चला। इस दौरान 21 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। चिकित्सालय के डॉ.निपुन, डॉ.देबोरनी, डॉ. रौशनी सहित फार्मासिस्ट जगत पाल साहू एवं संतोष भारती ने भी रक्तदान कर प्रेरणादायी योगदान दिया।

# स्वरोजगार योजनाओं का दिलाएं लाभ : पंचोली

**बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर के निर्देश**




**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस वित्तीय वर्ष के लिए प्राप्त लक्ष्य, एजेंसियों द्वारा बैंकों को प्रेषित प्रकरण, उनकी स्वीकृति और हितग्राहियों को वितरण की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी हितग्राहीमूलक ऋण योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को मिले। उन्होंने विभागों एवं बैंकों के बीच समन्वय स्थापित कर लक्ष्य अनुरूप शत-प्रतिशत लाभ वितरण तथा सभी योजनाओं की सीडी रेशियो बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, विश्वकर्मा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुद्रा योजना, मत्स्य संपदा योजना, स्वनिधि योजना सहित अन्य ऋण आधारित योजनाओं के लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### शिविर आयोजित किए जाए

कलेक्टर ने पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत कोल्ड स्टोरेज यूनिट, ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट, मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट की स्थिति तथा किसान क्रेडिट कार्ड एवं आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। कलेक्टर पंचोली ने कहा कि वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत जिले में शिविर आयोजित किए जाएं। इन शिविरों में जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए तथा नागरिकों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने हेतु शासकीय अमले की ड्यूटी लगाई जाए।

## एनएच 43 हादसा: बाइक सवार की मौत

**नाबालिग स्कॉर्पियो चालक को भेजा गया संप्रेक्षण गृह**

**अनूपपुर, नवभारत।** थाना रामनगर अंतर्गत 11 अगस्त की सुबह एनएच 43 पर भीषण सड़क हादसा हुआ था, जिसमें तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडजी 0613 ने सामने से आ रही बाइक क्रमांक एमपी 65 एमए 3418 को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अमृत चौधरी 30 वर्ष निवासी उड़तान थाना कोतमा की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में 9 लोग सवार थे। टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया और दीवार से जा टकराया, जिससे सवार कई लोग घायल हो गए थे। घटना पर रामनगर पुलिस ने धारा 281, 125(ए), 106(1), 105 बीएनएस व 3/181, 5/180,4/181, 132(2)/184 एमवी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।




## सेवा पखवाड़ा के तहत जल का महत्व विषय पर कार्यशाला

**अनूपपुर, नवभारत।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी अनूपपुर की पहल पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक अनूपपुर में जल का महत्व विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा अनूपपुर के सदस्य अशोक त्रिपाठी ने बताया कि 17 से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में प्रतिदिन विभिन्न सेवा गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी, जिनमें अलग.अलग विषयों पर जागरूकता और सेवा कार्य शामिल हैं।कार्यशाला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तकनीकी सहायक विकास मोदनवाल एवं विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण, संवर्धन तथा जल के समुचित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षक अशोक त्रिपाठी ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ.वी.के. मालवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।





## अवैध रेत परिवहन पर कोतमा पुलिस की कार्रवाई

**अनूपपुर, नवभारत।** पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देश पर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कोतमा पुलिस की लगातार दूसरी बड़ी कार्यवाही सामने आई है।

19 सितम्बर को थाना कोतमा पुलिस ने ग्राम खोड़री नं. 1 घाट में घेराबंदी कर एक नीले रंग का ट्रैक्टर.ट्रॉली पकड़ाए जो अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहा था। वाहन चालक एवं मालिक राजकुमार जायसवाल पिता रामसेवक जायसवाल उम्र 32 वर्ष निवासी चाका थाना कोतमा से वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन प्रस्तुत न कर पाने पर पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली सहित लगभग 3 घन मीटर रेत जप्त लिया। पुलिस ने आरोपी चालक एवं मालिक राजकुमार जायसवाल के विरुद्ध धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# अमरकंटक में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का धरना-प्रदर्शन

**झुग्गी-झोपड़ी तोड़े जाने के विरोध में जिला प्रशासन को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन**



**अमरकंटक, नवभारत।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में आज गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने जिला इकाई अनूपपुर के नेतृत्व में नगर परिषद वार्ड 11 बैंक टोला में प्रशासन द्वारा 23 परिवारों की झुग्गी-झोपड़ियाँ ढहाए जाने के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन में प्रभावित परिवारों के साथ पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने प्रशासनिक कार्रवाई को अमानवीय और अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा, गरीबों के आशियाने उजाड़ना अन्याय है। पार्टी नेताओं ने भरी बरसात में आदिवासियों और पिछड़ों की झोपड़ियाँ तोड़े जाने की कड़ी आलोचना की और सरकार पर जनता का विश्वास खोने का आरोप लगाया। धरना स्थल से नगर परिषद कार्यालय तक रैली निकालकर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। इसमें प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल राहत और पुनर्वास की मांग की गई। ज्ञापन पुष्पराजगढ़ तहसीलदार संजय कुमार जाट को सौंपा गया।

धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष कमलेश टेकाम, जिला अध्यक्ष जय सिंह धुर्वे और नगर अध्यक्ष रामसेवक चंदेल ने किया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नवीन तिवारी और थाना अमरकंटक प्रभारी के नेतृत्व में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने प्रभावित परिवारों के पुनर्वास में त्वरित कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।



# कोतवाली थाने में शांति समिति की बैठक

**आगामी त्योहारों को मिल.जुलकर शांति और सौहार्द से मनाने का लिया गया संकल्प**

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर हर्षल पंचोली तथा पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में शुक्रवार को थाना कोतवाली अनूपपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी नवरात्रि पर्वए ज्वारा विसर्जनए दुर्गा विसर्जन एवं दशहरा पर्व को शांति, सौहार्द एवं आपसी सहयोग से संपन्न कराने पर जोर दिया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकामए एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, तहसीलदार ईश्वर प्रधान, कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन सहित विद्युत विभाग, नगर पालिका, होमगार्ड, जनप्रतिनिधि, विभिन्न समितियों के पदाधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने निर्देश दिया कि नए दुर्गा पंडालों की जानकारी प्रशासन को दी जाए और उनकी स्थापना इस प्रकार हो कि मार्ग अवरुद्ध न हों। पंडालों में अस्थाई विद्युत कनेक्शन विधिवत लिया जाएए तारों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए तथा महिला.पुरुषों के लिए अलग.अलग व्यवस्थाएँ की जाएं। विसर्जन निर्धारित तिथि और समय पर ही किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने सुझाव दिए कि पर्व के दौरान साफसफाइ, प्रकाश व्यवस्था, बिजली तारों की ऊँचाई बढ़ाने, डीजे पर अश्लील गीतों पर प्रतिबंध, महिला बल की तैनाती और यातायात की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी पर्व शांति, सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराए जाएंगे।

क्रिकेट प्रतियोगिता | रक्सा-कोलमी क्रिकेट मैच, न्यू जोन पावर प्लांट की सौगात से गूंजा मैदान

# फाइनल में कोलमी टीम की शानदार जीत





**अनूपपुर, नवभारत।** रक्सा ग्राम पंचायत खेल मैदान ने आज इतिहास का साक्षी बनाते हुए रक्सा और कोलमी की टीमों के बीच भव्य क्रिकेट फाइनल का आयोजन किया। न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पावर प्लांट के सौजन्य से आयोजित इस टूर्नामेंट में पूरे गांव का माहौल उत्सव में बदल गया। ढोल-नगाड़ों की थाप, तालियों की गड़गड़ाहट, झंडियों से सजा मैदान और बच्चों की खिलखिलाहट ने इसे मेले जैसा बना दिया।

मैच का टॉस रक्सा ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। शुरुआती ओवरों में रक्सा ने शानदार प्रदर्शन किया और अंत तक 88 रन बनाकर पारी समाप्त की। कोलमी की टीम ने 89 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य हासिल करने के लिए रोमांचक मुकाबला किया। शुरुआती झटकों के बाद मध्यक्रम और अंत के ओवरों में कोलमी ने लगातार चौके-छक्के लगाते हुए आखिरी ओवर में जीत हासिल कर फाइनल जीतकर इतिहास रच दिया। मैदान में दर्शक खुशी और गर्व से झूम उठे।

इस अवसर पर न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पावर प्लांट के महाप्रबंधक ओमप्रकाश नैनीवाल ने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और एकता का प्रतीक है। उन्होंने दोनों टीमों को क्रिकेट किट्स उपलब्ध कराने और ग्रामीण बच्चों के शिक्षा एवं खेल में आगे बढ़ने के लिए सहायता देने की घोषणा की। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पाण्डेय, वाइस प्रेसिडेंट सुशीलकांत मिश्रा, महाप्रबंधक रोहित पाटिल और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता कोलमी टीम को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए, जबकि उपविजेता रक्सा टीम को मेडल और सांत्वना पुरस्कार दिए गए। समारोह में ग्राम पंचायत रक्सा की सरपंच उमा सिंह, उपसरपंच रामकली सिंह, ग्राम पंचायत कोलमी के सरपंच राजू पनिका और उपसरपंच अजय उपाध्याय सहित कई अधिकारी और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें रक्सा-11, न्यू जोन पावर प्लांट, दैखल, छोहरी, धुरवासिन, कोलमी 11, धनकुटा और तीतरीपोडी ने हिस्सा लिया। कमेंट्री राजकुमार राठौर ने अपने चुटीले अंदाज़ में की और कार्यक्रम का संचालन सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पाण्डेय ने किया। मानसून सीजन में आयोजित इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता ने गांवों की एकता, खेल भावना और युवाओं के जोश का प्रतीक बनकर ग्रामीणों के दिलों में हमेशा के लिए यादगार पल छोड़ दिया।